# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्या:–0612–2285262


**सं० सं०–बि०वि०मि०–स्था०–(DRCC/विविध)–07/18..193.... पटना, दिनांक 29/01/25**

## –:: आदेश ::–

बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संख्या–423, दिनांक–08.05.2017 के द्वारा श्रीमती अजंली कुमारी का संविदा नियोजन सुपरवाईजर आई0टी0 के पद पर जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पटना में दिनांक–08.05.2017 के प्रभाव से किया गया था। पुनः कार्यालय आदेश संख्या–798(अनु0), दिनांक–07.08.2021 द्वारा श्रीमती कुमारी का स्थानान्तरण जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भोजपुर में किया गया।

2. जिला पदाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक–32, दिनांक–25.01.2024 एवं जिला योजना पदाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक–482, दिनांक–23.11.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि श्रीमती अंजली कुमारी द्वारा नोटिस अवधि (30 दिन) Serve किए बगैर दिनांक–15.11.2023 को ई-मेल के माध्यम से त्यागपत्र समर्पित किया गया।

3. जिला पदाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक–32, दिनांक–25.01.2024 द्वारा प्रतिवेदित है कि श्रीमती कुमारी के विरूद्ध किसी प्रकार का बकाया नहीं है तथा जिला योजना पदाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक–324, दिनांक–22.07.2024 द्वारा उनका अंतिम कार्यदिवस दिनांक–31.08.2023 प्रतिवेदित है। जिला पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा श्रीमती कुमारी के 30 दिनों के नोटिस अवधि का अनुपालन नहीं करने के कारण Misconduct मानते हुए उनकी बर्खास्तगी एवं पुनर्नियोजन की अहर्त्ता नहीं दी जाने की अनुशंसा की गयी है।

4. श्रीमती कुमारी द्वारा त्याग-पत्र समर्पित करने से पूर्व नोटिस अवधि (30 दिन) की सूचना नहीं देने के कारण बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–495, दिनांक–18.04.2023 के कंडिका–02(ख) में किये गये प्रावधान एवं जिला पदाधिकारी, भोजपुर के अनुशंसा के आलोक में श्रीमती कुमारी का भविष्य में बिहार विकास मिशन में पुनर्नियोजन की अहर्त्ता समाप्त करते हुए दिनांक–31.08.2023 (अपराह्न) की तिथि से बर्खास्त किया जाता है।

5. प्रस्ताव में सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

28/1/25

(राजीव रंजन सिन्हा)
संयुक्त सचिव-सह-महाप्रबंधक-
HR Management & IT,
बिहार विकास मिशन।

**ज्ञापांक :– बि०वि०मि०–स्था०–(DRCC/विविध)–07/18..193....पटना, दिनांक 29/01/25**

**प्रतिलिपिः**–जिला पदाधिकारी, भोजपुर/ जिला योजना पदाधिकारी, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/1/25

संयुक्त सचिव-सह-महाप्रबंधक-
HR Management & IT,
बिहार विकास मिशन।

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC/विविध)-07/18...193...पटना, दिनांक ...29/01/25...**
**प्रतिलिपिः-** महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भोजपुर/ श्रीमती अजंली कुमारी, सुपरवाईजर आई0टी0, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/1/25

संयुक्त सचिव-सह-महाप्रबंधक-
HR Management & IT,
बिहार विकास मिशन।

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC/विविध)-07/18...193...पटना, दिनांक ...29/01/25...**
**प्रतिलिपिः-**एच0आर0 मैनेजर, बिहार विकास मिशन को ई-मेल करने हेतु प्रेषित।

28/1/25

संयुक्त सचिव-सह-महाप्रबंधक-
HR Management & IT,
बिहार विकास मिशन।

5:10 P.M
29/01/25